लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष षष्ठी विक्रम संवत 2082

अमृत विचार

वर्ष 6, अंक 191, पृष्ठ -16+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार, 1 जून 2025

PAGE NO, 02, MIDDLE

# दिलाई तंबाकू का सेवन नहीं करने की शपथ

**बरेली, अमृत विचार** : एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में शनिवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर की ओर से आयोजित कार्यक्रम में ऑंकोलॉजी विभाग के डॉ. हिमांशी खट्टर, डॉ. अनीश एके, डॉ. सोमदत्ता सिंघा, डॉ. श्रद्धा श्रीवास्तव, डॉ. निहारिका जसूजा, डॉ. नितिन मालवीय, डॉ. श्वेता सिंह ने नुक्कड़ नाटक के जरिये तंबाकू खाने से होने वाले दुष्परिणाम और इससे बचने को जागरूक किया। कैंसर विशेषज्ञ डॉ. पीयूष कुमार ने मरीजों और तीमारदारों को तंबाकू न खाने और किसी अन्य को भी खाने से रोकने की शपथ दिलाई। कैंसर विशेषज्ञ डॉ. प्राची भारद्वाज ने तंबाकू निषेध दिवस के बारे में जानकारी दी। मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ.आरपी सिंह ने तंबाकू को जानलेवा बताया। प्रिंसिपल डॉ.एमएस बुटोला, डिप्टी मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. सीएम चतुर्वेदी, डॉ.अरविंद चौहान, डॉ.राशिका सचान, डॉ.अदादि श्रीनिवास नायडू आदि स्टाफ मौजूद रहा।